To Complete the Work of Strom Water Drainage System

*88 Sh. GHANSHYAM DASS (Yamunanagar):

Will the Urban Local Bodies Minister be pleased to state;-

a) the time when the work of storm water drainage system was started in Yamuna Nagar district togetherwith the time by which it was to be completed alongwith the reasons for which the said work has not been completed so far; and

b) the steps being taken by the Government to complete the said work?

Dr. Kamal Gupta, Urban Local Bodies Minister, Haryana

Sir, a statement is laid on the table of the House.

Statement in Starred Assembly Question No. 88

a) The work related to storm water drainage system under AMRUT 1.0 scheme was started on dated 16.11.2018 which was expected to be completed by 15.08.2019. The time period of this work was extended upto 13.12.2023 due to increase in scope of work and some hindrances faced during the execution of work. Laying of about 270 meter out of 5048 meter of storm water drainage system is still pending due to some hindrances.

b) Out of pending 270 meter, 60-meter storm water line is to be laid by the Railway department for which payment amounting to Rs. 4.52 Cr has already been deposited to Railway department but till date, Railway department is unable to execute this work due to non-availability of passage for execution of this work. For laying of balance 210 meter storm water drainage by Municipal Corporation, Yamunanagar and to arrange passage required by Railway department, acquisition of right of user in privately owned land is required. The Government has started the process for this under The Haryana Underground Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 2008.

बरसाती जल निकासी प्रणाली का कार्य पूरा करना

***88 श्री घनश्याम दास (यमुनानगर):**

क्या शहरी स्थानीय निकाय मंत्री कृपया बताएंगे कि :–

(क) जिला यमुनानगर में बरसाती जल निकासी प्रणाली का कार्य कब आरम्भ किया गया था तथा इसे कब तक पूरा किया जाना था तथा उक्त कार्य के अब तक पूरा न किए जाने के कारण क्या हैं ; तथा

(ख) उक्त कार्य को पूरा करने के लिए सरकार द्वारा क्या पग उठाए जा रहे हैं?

डा0 कमल गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री, हरियाणा

श्रीमान जी, वक्तव्य सदन के पटल पर प्रस्तुत है।

तारांकित विधानसभा प्रश्न संख्या 88 का वक्तव्य

(क) अमृत 1.0 योजना के तहत बरसाती जल निकासी प्रणाली से सम्बन्धित कार्य दिनांक 16.11.2018 को शुरू किया गया था जिसके 15.08.2019 तक पूर्ण होने की संभावना थी। कार्य का दायरा बढ़ने और कार्य करने के दौरान आने वाली कुछ बाधाओं के कारण इस कार्य की समयावधि को 13.12.2023 तक बढ़ा दिया गया था। 5048 मीटर में से लगभग 270 मीटर बरसाती जल निकासी प्रणाली का निर्माण कुछ बाधाओं के कारण अभी भी लंबित है।

(ख) 270 मीटर लम्बित बरसाती जल निकासी प्रणाली में से, 60 मीटर की लाइन रेलवे विभाग द्वारा बिछाई जानी है जिसके लिए रेलवे विभाग को 4.52 करोड़ रूपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है, लेकिन अभी तक, इस कार्य के निष्पादन के लिए रास्ते की अनुपलब्धता के कारण रेलवे विभाग इस कार्य का निष्पादन नहीं कर पाया है। नगर निगम, यमुनानगर द्वारा शेष 210 मीटर बरसाती जल निकासी प्रणाली के निर्माण के लिए तथा रेलवे विभाग द्वारा आवश्यक रास्ते की व्यवस्था हेतु निजी मालिकाना भूमि के उपयोग के अधिकार के अधिग्रहण करने की आवश्यकता है। सरकार द्वारा इसके लिए The Haryana Underground Pipelines (Acquisition of Right of User in Land) Act, 2008 के तहत प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।